**राजस्थान सरकार**
**निदेशालय कोष एवं लेखा, राजस्थान, जयपुर**

**क्रमांक :** एफ.4(ई)(1)(6)नि.प.(193/1988)/अलेसे–III/**4716** **दिनांक : 08.11.2019**

## आदेश

श्री महावीर प्रसाद, कनिष्ठ लेखाकार (मेरिट नं. 193/1988) कार्यालय ब्लॉक सामाजिक सुरक्षा अधिकारी, सुजानगढ़ (चुरू) द्वारा अपना अभ्यावेदन विभाग में दिनांक 23.10.2019 को प्रस्तुत किया गया, जिसमें उनके द्वारा माननीय राजस्थान सिविल सेवा अपील अधिकरण, जयपुर में दायर अपील संख्या 2749/2019 महावीर प्रसाद बनाम निदेशक कोष एवं लेखा, राज. जयपुर व अन्य में पारित आदेश दिनांक 10.10.2019 के अनुसरण में अपना स्थानान्तरण निरस्त करवाने अथवा अन्यत्र स्थानान्तरण करवाने का अनुरोध किया गया है। श्री महावीर प्रसाद के उक्त अभ्यावेदन के क्रम में प्रकरण की वस्तु स्थिति निम्न प्रकार हैः–

श्री महावीर प्रसाद, कार्यालय ब्लॉक सामाजिक सुरक्षा अधिकारी, सुजानगढ़ (चुरू) में कनिष्ठ लेखाकार के पद पर कार्यरत थे। जिनका स्थानान्तरण प्रशासनिक कारणों से वित्त (राजस्व) विभाग से प्राप्त सहमति/निर्देश क्रमांकः प.2(1)वित्त/राजस्व/2019 दिनांक 24.09.2019 के अनुसरण में प्रशासनिक आधार पर राज्य हित में तहसील कार्यालय, चुरू में किया गया है।

माननीय राजस्थान सिविल सेवा अपील अधिकरण, जयपुर के आदेश दिनांक 10.10.2019 के क्रम में श्री महावीर प्रसाद से प्राप्त अभ्यावेदन का विभाग में उपलब्ध रिकॉर्ड एवं प्रकरण से सम्बन्धित नियमों/प्रावधानों के प्रकाश में परीक्षण किया गया एवं प्रकरण में विधिक राय भी प्राप्त की गई, जिस पर यह पाया गया कि श्री महावीर प्रसाद का स्थानान्तरण प्रशासनिक कारणों से राज्य सरकार के आदेश/निर्देश की पालना में राज्य हित में जारी किया गया है, जिसे वर्तमान परिप्रेक्ष्य में निरस्त किया जाना अथवा परिवर्तित किया जाना संभव नही है।

अतः श्री महावीर प्रसाद के अभ्यावेदन पर नियमानुसार उन्हें कोई अनुतोष दिया जाना संभव नहीं हैं। इस प्रकार उनका अभ्यावेदन एतदद्वारा निस्तारित किया जाता है।

**(मुकुन्द सोहोनी)**
**निदेशक**

**क्रमांक :** एफ.4(ई)(1)(6)नि.प.(193/1988)/अलेसे–III/**4716** **दिनांक : 08.11.2019**

**प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैंः–**

1. संयुक्त शासन सचिव, वित्त (राजस्व) विभाग, शासन सचिवालय, जयपुर।
2. संयुक्त निदेशक (विधि), कोष एवं लेखा विभाग, जयपुर।
3. ब्लॉक सामाजिक सुरक्षा अधिकारी, सुजानगढ़ (चुरू)
4. श्री महावीर प्रसाद, कनिष्ठ लेखाकार (मेरिट नं. 193/1988) कार्यालय ब्लॉक सामाजिक सुरक्षा अधिकारी, सुजानगढ़ (चुरू) (रजिस्टर्ड पत्र)

**(शिल्पी कौशिक)**
**अतिरिक्त निदेशक (कार्मिक–III)**